### Re. Reported arrest of Shri Gautam Dhir, Chief Correspondent of Indian Express

**श्री अजय मारूं** ( झारखंड)ः सभापति जी, धन्यवाद। लोकतंत्र में मीडिया को चौथा स्तम्भ कहा जाता है, लेकिन समय-समय पर उस पर हमले होते रहते हैं । महोदय, कई बार ऐसा देखा गया है कि राज्य सरकारें और उसके अधिकारी समाचार-पत्र-पत्र उद्योग पर लगाम लगाने के लिए, उनके खिलाफ छपे समाचारों के विरुद्व समाचार-पत्रों पर दमनपूर्वक कार्यवाही करते हैं। इसके लिए कभी उन समाचार-पत्रों के संवाददाताओं को प्रताडित किया जाता है, कभी समाचार –पत्र उद्योगों की बिजली की लाइनें काट दी जाती हैं और कभी समाचार-पत्रों के सरकारी विज्ञापनों को बंद कर दिया जाता है।

सभापति जी,कल इंडियन एक्सप्रेस के चडीगढ एडीशन के मुख्य संवाददाता श्री गौतम धीर को रात 8.30 बजे उनके घर से पंजाब पुलिस के लोग पकड़कर ले गए। उनकी पत्नी एवं उनके पिता को भी उनकी गिरफ्तारी का कारण नहीं बताया गया। रात डेढ़ बजे के करीब उन्हें थाने में हाजिर किया गया, लेकिन उस समय भी उनके परिवार वालों एवं उनके वकील को भी उनसे मिलने की इजाज़त नहीं दी गई। इसका कारण यह पता चला कि पंजाब पुलिस के आईजीपी के खिलाफ उन्होंने कल कोई रिपोर्ट इंडियन एक्सप्रेस में प्रकाशित की थी और उसी के विरूद्व कार्यवाही करते हुए, उस आईजीपी ने उन्हें गिरफ्तर करवा दिया।

सभापति जी, यह एक अत्यंत गंभीर मामला है। इस कारण से पंजाब के साथ पूरे देश के सभी पत्रकार आंदोलित हैं। मैं सरकार से इस विषय पर एक रिपोर्ट तुरन्त सदन में प्रस्तुत करने की इजाजत चाहता हूं।

**श्री प्यारे लाल खंडेलवाल** ( मध्य प्रदेश)ः मैं स्वयं को इससे संबद्व करता हूं।

**प्रो. रामवख्श सिंह वर्मा** ( उत्तर प्रदेश)ः मैं स्वयं को इससे संबद्व करता हूं।

**श्री कृपाल परमार** (हिमाचल प्रदेश)ः मैं स्वयं को इससे संबद्व करता हूं।

### RE. OBJECTION TO ENGAGING SERVICES OF MRS. NALINI CHIDAMBARAM, SR. ADVOCATE BY INCOME-TAX DEPARTMENT

SHRI N. JOTHI (Tamil Nadu) : Mr. Chairman, Sir, I would like to raise an issue here. Sir, I have given a notice...

MR. CHAIRMAN: There is no notice. *...(Interruptions)...* There is no notice with me.

SHRI N. JOTHI: Sir, I had given a notice during the debate, and, I have authenticated the document also.

MR. CHAIRMAN: You go through the rules, and tell me under which rule you have given a notice.